हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 27 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

12 गुप्त नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने की माता भगवती की पूजा



12 जींद में कानून व्यवस्था को लेकर खाप पंचायतें मुखर



### 27 जून से लेकर 30 जून तक भरनी होगी एडमिशन फीस, सीट खाली रहने पर 3 को दूसरी लिस्ट लगेगी

# यूजी कोर्स में दाखिले के लिए पहली कट ऑफ लिस्ट जारीः बीकॉम में 105.4, बीए ज्योग्राफी में 101.6 प्रतिशत रही उच्चतम मेरिट लिस्ट

लिस्ट देखने आए छात्र।



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए वीरवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई है। जिन विद्यार्थियों के नाम मेरिट लिस्ट में आए हैं, वह विद्यार्थी 27 जून से लेकर 30 जून तक दाखिले के लिए फीस जमा करवा सकते हैं। पहली मेरिट लिस्ट के बाद सीट खाली रहने पर तीन जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वे चार जुलाई से लेकर सात जुलाई तक फीस भर सकेंगे। दो मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में खाली सीट रह जाती है तो नौ जुलाई को फि जिकल काउंसलिंग शुरू होगी। रजिस्ट्रेशन और विषयों में बदलाव को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दस जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। 11 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। फि र 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस भर कर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न 11 कोर्स में निर्धारित 1630 सीट में 1166 विद्यार्थियों का नाम आया है।

### पहली मेरिट लिस्ट जारीः मलिक

बीकॉम में 105.4, बीए ज्योग्राफी में 101.6 प्रतिशत, बीए आट्र्स में उच्चतम मेरिट लिस्ट 101.2 प्रतिशत, बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस में 101 प्रतिशत और बीए हिस्ट्री में 100.6 प्रतिशत, प्रतिशत तक रही। वहीं प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला कॉलेज में भी ज्यादातर संकायों में उच्चतम मेरिट लिस्ट 100 से ज्यादा रही। बीकॉम संकाय में उच्चतम मेरिट लिस्ट 106.6 प्रतिशत, बीए आट्र्स में उच्चतम मेरिट लिस्ट 103.6, बीए ज्योग्राफी में 100.6 और बीए इंग्लिश में भी उच्चतम मेरिट लिस्ट 100.6 प्रतिशत तक पहुंची। राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने कहा कि यूजी कोर्स में दाखिले के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी है।

**राजकीय महाविद्यालय में मेरिट लिस्ट**
**बीए आट्र्स संकाय**
कैटेगरी उच्चतम मेरिट न्यूनतम मेरिट
ऑल इंडिया ओपन 101.2 88.8
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 79.6 77.4
हरियाणा जरनल 88.6 79.8
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 76.2 58.6
ओएससी 79.2 54.2
डीएससी 79 55.8
बीसीए 79.8 45.4
बीसीबी 79 58.4
डीए 70.6 62.6
**बीए इकनोमिक्स**
ऑल इंडिया ओपन 99.2 93.4
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 76.4 76.4
हरियाणा जरनल 93 77.8
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 68.6 59.2
ओएससी 72.4 51.6
डीएससी 54.4 54.4
बीसीए 71 63
बीसीबी 62.2 62.2
**बीए इंग्लिश**
ऑल इंडिया ओपन 96.4 93.4
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 75.6 75.6
हरियाणा जरनल 92.2 81.6
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 74.2 70.6
ओएससी 79.6 77. 8
डीएससी 58.2 54.4
बीसीए 73 71
बीसीबी 62.2 62.2
डीए 70.6 70.6
**बीए ज्योग्राफी**
ऑल इंडिया ओपन 101.6 96.8
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 82.2 82.2
हरियाणा जरनल 95.8 82.2
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 71.8 71
ओएससी 81 77.8
डीएससी 81.8 72
बीसीए 81.4 81.4
बीसीबी 82 62.2
डीए 70.6 70.6
**बीए हिस्ट्री**
ऑल इंडिया ओपन 100.6 93.4
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 75.6 75.6
हरियाणा जरनल 92.8 82.8
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 74.2 59.2
ओएससी 82.6 79.6
डीएससी 81.8 81.4
बीसीए 79.4 63
बीसीबी 62.2 62.2
**बीबीए संकाय**
ऑल इंडिया ओपन 99.8 93.6
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 83.6 83.6
हरियाणा जरनल 93.2 85.6
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 82.4 79.6
ओएससी 84.8 82.6
डीएससी 77.4 66.8
बीसीए 85.2 80
बीसीबी 84.2 69.4
**बीकॉम**
ऑल इंडिया ओपन 105.4 90.4
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 64.2 64.2
हरियाणा जरनल 90 73
ओएससी 72 72
डीएससी 70.6 70.6
बीसीए 72 60
बीसीबी 69.6 60.6
**बीसीए**
ऑल इंडिया ओपन 97.4 91.4
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 79.4 78.4
हरियाणा जरनल 91 83
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 77.8 76.2
ओएससी 82.8 74.4
डीएससी 76.2 58.2
बीसीए 81 73
बीसीबी 82.2 63.8
डीए 71.2 71.2
**बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस**
ऑल इंडिया ओपन 101 89
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 78 78
हरियाणा जरनल 89 78.6
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 77.6 63.2
ओएससी 78.6 60.2
डीएससी 76.8 64.6
बीसीए 77.6 61.2
बीसीबी 74.4 61.4
**बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल सांइस**
ऑल इंडिया ओपन 97.2 80
हरियाणा जरनल 80 46.2
बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन
**मेथेमिटक्स**
ऑल इंडिया ओपन 97.8 93
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 78.4 78.4
हरियाणा जरनल 92.8 84
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 76.4 75.2
ओएससी 82.6 75.2
डीएससी 77 74.4
बीसीए 83.4 78.6
बीसीबी 83.2 69.4
**प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला कॉलेज जींद की मेरिट लिस्ट**
बीए आट्र्स
कैटेगरी उच्चतम मेरिट न्यूनतम मेरिट
ऑल इंडिया ओपन 103.6 94.4
हरियाणा जरनल 94.2 87
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 83.6 78.2
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 77.6 52.2
ओएससी 86.6 77.6
डीएससी 86.4 72.6
बीसीए 86.8 53.2
बीसीबी 86.6 72.6
बीए ज्योग्राफी
ऑल इंडिया ओपन 100.6 96.6
हरियाणा जरनल 95.8 90
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 86.6
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 83.6 75.6
ओएससी 78.8 69.2
डीएससी 84.6 67.4
बीसीए 88.8 76
बीए इंग्लिश
ऑल इंडिया ओपन 100.6 96.6
हरियाणा जरनल 94.8 89.4
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 70.6
ओएससी 85.4
बीसीए 89.2 78.4
बीसीबी 88.8 48
बीकॉम
ऑल इंडिया ओपन 106.6 92.8
हरियाणा जरनल 92.6 66.8
बीसीए 65 63.2
बीसीए
ऑल इंडिया ओपन 98.4 94.2
हरियाणा जरनल 93.4 86.6
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 83.6
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 80.8 76.8
ओएससी 84.8 76.2
बीसीए 85 72.2
बीसीबी 77 67.4
बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस
ऑल इंडिया ओपन 99.4 95.8
हरियाणा जरनल 95.4 90
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 89.4
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 87.6 82.6
ओएससी 86.8 80
डीएससी 84.6 69
बीसीए 87.6 80.4
बीसीबी 89 68.4
बैचलर ऑफ साइंस मेजर इन मेथेमेटिक्स
ऑल इंडिया ओपन 99.4 94.8
हरियाणा जरनल 93.2 84.4
ईडब्ल्यूएस ऑल इंडिया ओपन 82.6
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 73.4 72.4
ओएससी 81.4 71.2
डीएससी 82.6 77.6
बीसीए 77.6
बीसीबी 73.6
बैचलर ऑफ साइंस मेजर इन फिजिक्स
ऑल इंडिया ओपन 99.4 97.4
हरियाणा जरनल 97.2 87.6
ईडब्ल्यूएस हरियाणा जरनल 86.6
ओएससी 65.2
डीएससी 87 82.6
बीसीए 86.8 72
बीसीबी 86.4 60.6

## 2. 31 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

- शेयर मार्केट में निवेश करने पर अच्छे मुनाफे का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

साइबर थाना पुलिस ने बैंक से सेवानिवृत कर्मी को शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर दो करोड़ 31 लाख रुपये हडपने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। भगत सिंह चौक नरवाना निवासी सुरेश ने गत 15 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बैंक से सेवानिवृत कर्मी है। गत दस अप्रैल को उसके व्हाट्सअप पर संदेश आया। जिस पर रमेश लिखा हुआ था। उसने अपना दोस्त रमेश चौधरी जान कर चैट करनी शुरू कर दी। जिसके बाद उसने शेयर ब्रोकर अनूप मेहरा का नंबर दिया। जिसने बताया कि शेयर मार्केट में अच्छा मुनाफा है। उसने निवेश में हुए फायदे के स्क्रीन शॉट भी भेजे। जिसके बाद उसने एक फाइल भेजी। जिसे उसने डाउनलोड कर लिया। जिसके माध्यम से उसने अपनी जानकारी भर कर रजिस्ट्रेशन करवा लिया। 16 अप्रैल से उसने 50 हजार रुपये एनएफटी से डालने शुरू किए। राशि निवेश का सिलसिल नौ मई जारी रहा। निवेश राशि 50 हजार से चार लाख 70 हजार तक रही। निवेश के साथ उसका अच्छा मुनाफा साइट पर दिखाया जाता रहा।

## दनौदा खुर्द में 10 अवैध कनेक्शन पर चला पीला पंजा

- पांच ऐसे लोगों के नाम नोटिस जारी किया, जो डबल कनेक्शन किए मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद




जींद। जेसीबी की सहायता से अवैध कनेक्शन काटते हुए। फोटो :हरिभूमि

दनौदा खुर्द में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नरवाना व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन हरियाणा की संयुक्त टीम का जल संरक्षण अभियान सातवें दिन भी जारी है। अभियान के सातवें दिन विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन लगाकर 10 अवैध कनेक्शन काटे गए। विभाग की टीम एक सप्ताह में करीब 50 अवैध कनेक्शन काट चुकी हैं। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वछता सहायक संगठन के जिला सलाहकार जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि दनौदा खुर्द में कनिष्ठ अभियंता गोविंद गोयल व बीआरसी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में अवैध कनेक्शन धारको पर शिकंजा कसने के लिए अभियान शुरू किया गया है। इसमें वीरवार को जेसीबी से 10 अवैध कनेक्शन काटे गए हैं। अबतक दनौदा खुर्द में करीब 50 अवैध कनेक्शन काटे गए हैं। अभियान के दौरान अस्वस्थ कनेक्शन जिनकी वजह से गंदे पानी की समस्या थी उनको टीम ने मौके पर ही काटा गया। सातवें दिन विभाग ने 10 अवैध कनेक्शन काटे गए। जोकि विभाग के नियमानुसार नही थे।



जींद। रेलवे स्टेशन पर जांच करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### रेलवे पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

**जींद।** रेलवे जंक्शन पर वीरवार को राजकीय रेलवे पुलिस अधीक्षक आईपीएस निकिता गहलोत के निदेशानुसार रेलवे पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने डॉग स्कवायड के साथ बुकिंग कार्यालय और प्रतिक्षालय में सुरक्षा को लेकर व्यवस्था जांची। वीरवार को प्रभारी चरण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म, प्रतिक्षालय, पार्किंग स्थल पर डॉग स्कवायड के साथ के सुरक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने यात्रियों के सामान को चैक किया और ट्रेन भी चैक की गई। इसके बाद स्पेशल नशा मुक्ति भारत अभियान चलाया। इसमें प्रभारी चरण सिंह ने यात्रियों को नशा के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है, जिससे नशा करने वाले का पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। नशा करने वाले व्यक्ति की समाज, परिवार और रिश्तेदारी में कहीं भी इज्जत नही होती। इसलिए नशे से दूर रहना चाहिए।

## घेवर समेत आठ मिठाइयों के भरे सैंपल

- सफाई तथा लाइसेंस न मिलने पर थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



दूध को नष्ट करवाते हुए टीम।

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने वीरवार को शहर में सड़क किनारे तथा खुले में बिक रहे घेवर तथा मिठाइयों के आठ सैंपल भरे। जिन्हें जांच के लिए लैबोरटरी भेजा गया है। टीम ने साफ सफाई तथा विभाग द्वारा जारी लाइसेंस न होने पर मिठाई विक्रेताओं को नोटिस भी जारी किए हैं। टीम ने खराब दूध, जलेबी तथा चटनी का नष्ट भी करवाया है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सावन माह के निकट आने के साथ शहर तथा मोहल्लों में घेवर, फिरनी तथा मिठाइयों की दुकान सजने लगी हैं। कुछ स्थानों पर सड़क किनारे तथा खुले आसमां के तले रेहडियों मे भी घेवर, फिरनी को बेचा जा रहा है। लोगों को साफ तथा गुणवत्ता वाली मिठाई मिले, इसको लेकर वीरवार को जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान के नेतृत्व में टीम ने शहर में घूम-घूम कर सड़क किनारे तथा खुले में मिठाइयां बेचने वाले स्थानों पर दस्तक दी और घेवर, चॉकलेट घेवर, केसर घेवर, खोआ घेवर, खोआ, बर्फी, जलेबी के सैंपल भर कर लैबरोटरी भेजे हैं। साफ-सफाई न पाए जाने तथा लाइसेंस न पाए जाने पर मिठाई विक्रेताओं को नोटिस भी जारी किए हैं।

## दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक व्यक्ति की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव खेड़ी तलौडा से सिवाहा रोड पर दो बाइकों के बीच हुई भिडंत में एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिवाहा निवासी सुलतान (40) वीरवार दोहपर बाद बाइक पर सवार होकर गांव खेड़ी तलौडा से अपने घर जा रहा था। गांव के निकट ही सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें सुलतान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने सुलतान को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक गांव खेड़ी तलौडा बस अड्डे पर टायर पंक्चर तथा बिजली की दुकान चलाता था। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पानी निकासी के दावे टांय-टांय फिश होकर रहे

## जलनिकासी न होने से राजौंद की सड़क जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

राजौंद के मुख्य मार्ग पर भरा पानी





गुरुवार को सुबह हुई मूसलाधार बरसात से कई निचले हिस्से में पानी भर गया। वहीं पानी निकासी के दावे टांय टांय फिश होकर रह गया। राजौंद के मुख्य मार्ग पर पानी भरने से लोगों की आवा जावी पूरी तरह प्रभावित होकर रह गई। सड़क पर पानी भरने से वाहन चालक बुरी तरह प्रभावित हुए। मार्ग पर सीवरेज की पाइप लाइन दबाने का कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा है।जिससे लोगों को बहुत परेशान होना पड़ रहा है। आलम यह है कि सड़क से पैदल भी गुजरना मुश्किल है कोई भी रास्ता जाने के लिए नहीं है। वही तहसील परिसर व दुर्गा मंदिर की गली भी पूरी तरह पानी से भर गई। जिससे सुबह-सुबह श्रद्धालुओं को मंदिर जाने में बहुत परेशानी हुई।कई श्रद्धालु पानी निकासी न होने कारण मंदिर में पहुंच भी नहीं पाएं। कस्बा के तहसील कार्यालय में पानी जमा होने के कारण यहां पर काम करवाने के लिए आने वाले लोगों को भी गंदे पानी से गुजरने पर मजबूर होना पड रह है। **वाहन चालक परेशानः** पानी निकासी का उचित प्रबंध न होने के कारण नगर के मुख्य मार्ग पर करीब एक से डेढ फीट तक बरसाती पानी जमा होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों व आम आदमी को भारी परेशानी उठानी पड रही है। कस्बावासियों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि बरसाती पानी निकासी का उचित प्रबंध किया जाए।



जींद। महिला थाना का निरीक्षण करते सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### हर थाने में मित्र कक्ष, चाइल्ड फ्रेंडली कक्ष होना जरूरी

**जींद।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या मीना शर्मा व सदस्य मांगे राम ने वीरवार को महिला पुलिस थाना, सिविल लाइन थाना व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपोलो रोड जींद का औचक निरीक्षण किया गया। आयोग के सदस्यों द्वारा सबसे पहले महिला थाना जींद का निरीक्षण किया गया। इसमें थाना प्रबंधक से बातचीत की गई और पिछले छह माह में आए पोक्सो केसों के बारे में जानकारी ली गई। विजिट के दौरान आयोग द्वारा थाना प्रबंधक को दिशा-निर्देश दिए गए कि चाइल्ड फ्रेंडली मित्र कक्ष कमरा बनाया जाए ताकि किसी भी बच्चे व महिला को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके बाद सिविल लाइन थाना जींद के थाना प्रबंधक को निर्देश दिए गए कि चाइल्ड फ्रेंडली कमरा व्यवस्थित रूप में सुविधाओं के साथ होना चाहिए। जिस पर थाना प्रबन्धक द्वारा आश्वासन दिया गया की जल्द से जल्द इस पर कार्यवाही कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त पोक्सो केसों का डाटा बारे जानकारी भी ली गई।

### खबर संक्षेप

#### तेजधार हथियार से हमला करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव ढाठरथ में तेजधार हथियार से हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढाठरथ निवासी सचिन ने शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही कर्ण से रंजिश चली आ रही है। बीती देर शाम को घर जा रहा था तो रास्ते में कर्ण तथा एक अन्य ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया।

#### कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कैथल।** कैथल के गांव बात्ता में कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति नेशनल हाईवे पर पैदल गांव जा रहा था। जैसे ही वह हाईवे पर बने झिलमिल ढाबे के पास पहुंचा तो उसे कार ड्राइवर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर जा गिरा और मौत हो गई। कार ड्राइवर फरार हो गया।

#### घर में घुस हमला कर घायल करने पर केस

**जींद।** गांव मुआना में रंजिशन घर में घुस हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मुआना निवासी सूरज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पाला परिवार से कहासुनी हो गई। उस समय तो मामला शांत हो गया। बाद में पाला परिवार उसके घर में घुस आया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

#### 5.541 किलो गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** नशा तस्करों पर कार्रवाई करते थाना ढांड पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को 5 किलो 541 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना ढांड एसएचओ एसआई कुलदीप सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम गांव पबनावा बस अड्डा के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी।

#### दो बच्चों, महिला सहित चार लापता, मामले दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो बच्चों के साथ महिला तथा एक युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किया है। झांजकलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 जून को उसकी बहन घर गायब हो गई। गांव ईगराह निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

#### देसी पिस्तौल व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना पूंडरी क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से एक .32 बोर देसी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एचसी हरीश कुमार की टीम शाम के समय गश्त दौरान पाई अनाज मंडी पर मौजूद थी।

#### लड़की से अभद्र व्यवहार करने पर शिकायत दर्ज

**जींद।** सफीदों में लड़की के साथ मारपीट करने तथा अभद्र व्यवहार करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी गली से गुजर रही थी। उसी दौरान अमित जयंत ने अभद्र व्यवहार किया।

#### धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी

**कैथल।** थाना कलायत क्षेत्र में मार्बल भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच थाना कलायत पुलिस के एसआई शक्ति सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी राजस्थान के कोटा निवासी अशोक कुमार को काबू कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### सभा दिलाएगी युवाओं को देश सेवा की शपथ

जींद। मैढ सुनार सभा द्वारा आगामी 28 जून को शहीद रणधीर सिंह के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा, रमेश वर्मा, नरेश सोनी, गौरव सोनी तथा नरेंद्र भामा ने बताया कि लुदाना में शहीद रणधीर सिंह के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित के उपरांत देश सेवा की शपथ दिलाई जाएगी।

### मां भगवती विशाल जागरण 28 को

उचाना। आगामी 28 जून को पुरानी मंडी में होने वाले पहले मां भगवती विशाल जागरण को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है। जागरण कमेटी द्वारा शहर के गणमान्य लोगोंए प्रशासनिक अधिकारियों को निमंत्रण दिए जा रहे है। मंडी में आने वाले सभी रास्तों पर स्वागत द्वार बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। जागरण के आसपास तरह-तरह के झूले भी लगाए जाएंगे।

### अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक संपन्न

नरवाना। अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के राष्ट्रीय नारे हर गांव में किसान सभा किसान सभा में हर किसान को जमीं पर उतारने और अमलीजामा पहनाने के लिए आज अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह के नेतृत्व में मास्टर बलजीत सिंह माण्डी मास्टर चांद बहादुर, जिला प्रधान जींद दलबीर सिंह ब्लॉक प्रधान नरवाना नफे सिंह मटौर,चंद्र भान दबलैन वेद प्रकाश लोहान मौजूद रहे।

### बाबा धरती नाथ के आश्रम में भंडारा लगा

नरवाना। नरवाना के खरल गांव में बाबा धरती नाथ के आश्रम में गांव वालों के सहयोग से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें दूर दूर से बाबा लोग आये और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सबसे पहले पूरे गांव ने आश्रम में पहुंच कर पुजा अर्चना की।इस मौके पर बाबा प्रेम जोगी ने मधुर भजन मने एक जरूरी काम बाबा कड़ मिलेगाएगा कर लोगों का मनोरंजन किया।

### सुखी जीवन जीने के लिए भाग्य के भरोसे नही बैठें

जींद। असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि व्यक्ति प्रारब्ध पाप से जन्म से अंधा, बहरा, गूंगा, लंगड़ा, मंदबुद्धि, पागल, असमर्थ, अपाहिज, रोगी, निर्धन, अल्पायु, क्रूप हो सकता है लेकिन सभी दुःख प्रारब्ध पाप से नही देश काल प्रकृति की परिस्थितियों के अनुसार भी होते हैं। क्या देश धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए कष्ट सहने वाले, मर मिटने वाले को प्रारब्ध पाप के भुगत भोगी कहा जा सकता है।

### भाजपा के राज में बढ़ रही बेरोजगारीः सिंह

उचाना। जजपा द्वारा शुरू किए गए सदस्यता अभियान के तहत हलके के गांव छात्तर में सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बना जा रहे है। जिलाध्यक्ष जोरा सिंह डूमरखा की अगुवाई में चलाए गए सदस्यता अभियान के दौरान हलकाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक भी मौजूद रहे। डूमरखां ने कहा कि प्रदेश में डिप्टी सीएम रहते दुष्यंत चौटाला ने हर उस वायदे को पूरा किया था।

### नशे के दुष्प्रभाव व बचाव बारे किया जागरूक

जींद । हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका के मार्गदर्शन में वीरवार को नशा मुक्ति केंद्र नजदीक सोमनाथ मंदिर में नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### नशा मुक्त पखवाड़े का आयोजन किया गया

नरवाना। अमित भाटिया के कुशल नेतृत्व में नशा मुक्त पखवाड़े का आयोजन किया। इसी कड़ी के तहत आईटीआई कालवन और पीपलथा में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम नशा विरोधी कार्यक्रम का आयोजन किया। अभियान के इंचार्ज नरेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि बहादुर सिंह, कोच अनिल मौजूद रहे।

### विधि विधान से की श्रद्धालुओं ने पूजा

# आषाढ़ माह गुप्त नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने की माता भगवती की पूजा

### जयंती देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने सर्वसुख शांति व स्मृद्धि के लिए यज्ञ में आहुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आषाढ़ माह गुप्त नवरात्र के पहले दिन वीरवार को श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पूजा की। शहर के मध्य स्थित पौराणिक जयंती देवी मंदिर में मां जयंती की पूजा के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने सर्वसुख शांति व स्मृद्धि के लिए आयोजित यज्ञ में आहूति भी डाली। श्रद्धालु आगामी चार जुलाई तक देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा गुप्त रूप से और विशेष साधना विधियों के माध्यम से करेंगे। इसलिए इसे गुप्त नवरात्रि कहा गया है। श्रद्धालुओं ने पूजा में मां भगवती को लाल रंग के फूल अर्पित किए और श्रद्धा से मां दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ किया। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की बजाय 10 महाविद्याओं की पूजा की जाती है। इन दस महाविद्याओं में मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी शामिल हैं। श्रद्धालु चैत्र और शारदीय नवरात्रि गृहस्थों और सामान्य जनों के लिए है। परंतु गुप्त नवरात्रि संतों और साधकों को लिए है। इसलिए इसमें खास तरह की पूजा और साधना का महत्व होता है। यह नवरात्रि विशेष कामना हेतु तंत्र व मंत्र की सिद्धि के लिए होती है। गुप्त नवरात्रि में विशेष पूजा से कई प्रकार के दुखों से मुक्ति पाई जा सकती है। गुप्त नवरात्रि में साधक नवरात्रों का मन, वचन, कर्म से दस महाविद्याओं के मंत्रों का जाप करते हैं। मानसिक जाप अधिक किया जाता है। साधना आराधना को गुप्त रखा जाता है। एकांत में ध्यान और मंत्र जप किया जाता है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि गुप्त नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां जयंती की पूजा विधि विधान से की। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहूति भी डाली। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि नवरात्र के दौरान मांस व मदिरा, लहसुन और प्याज का बिल्कुल सेवन नहीं करना चाहिए। मां दर्गा स्वयं एक नारी हैं। इसलिए नारी का सदैव सम्मान करना चाहिए। जो नारी का सम्मान करते हैंए मां दुर्गा उन पर अपनी कृपा बरसाती है। नवरात्रि में स्वच्छता का विशेष ख्याल रखना चाहिए। गुप्त नवरात्रि में देवी के मंत्रों का जाप, दुर्गा सप्तशतीए देवी भागवत या दुर्गा चालीसा का पाठ करना चाहिए।


जींद। जयंती देवी मंदिर में मां जयंती की आरती गाते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# पुरानी बिल्डिंग तोड़ने का काम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। नपा के कंडम हो चुके भवन को तोडऩे का चल रहा कार्य। फोटो :हरिभूमि

आने वाले दिनों में वाहन चालकों की शहर में पार्किंग की मांग पूरी होती नजर आएगी। शहर के बीचों.बीच डाकघर के पास नगर पालिका की जो पुरानी बिल्डिंग है उसके कंडम घोषित होने के बाद उसको तोडऩे का काम शुरू कर दिया गया है। यहां पर नगर पालिका द्वारा वाहन के लिए पार्किंग बनाए जाने की प्लॉनिंग की गई है। यहां पर पार्किंग बनने के बाद जो बाजारों में दुकानों के वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति बनती है उससे छुटकारा वाहन चालकोंए राहगीरों को मिलेगा। राहुल, जगबीर, अमित, सुनील ने कहा कि शहर में पार्किंग नहीं है। लितानी रोड, डाकघर रोड शहर के प्रमुख बाजारों में आते है। यहां पर हर समय जाम की स्थिति रहती है।

दुकानों के सामने वाहनों के खड़े होने के चलते जाम लगा रहता है। कई बार तो जाम लगने से आपस में दुकानदार, वाहन चालकों की तकरार तक हो जाती है। वाहन चालक दुकानों के आगे वाहनों के खड़े करके बाजार में सामान की खरीददारी के लिए चले जाते है। यहां पर पार्किंग की मांग बहुत पुरानी है। नगर पालिका की जो पुरानी बिल्डिंग है वहां पर खाली मैदान भी बिल्डिंग के अलावा है। यहां पर पार्किंग बनने से बाजारों में जाम से छुटकारा मिल जाएगा।


नरवाना। नशा मुक्त अभियान के खिलाफ पोस्टर दिखाते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

नरवाना। राजकीय महाविद्यालय नरवाना में विश्व नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य मे हरियाणा सरकार के ड्रग नियंत्रक विभाग के दिशा निर्देश अनुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चित्र निर्माण एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम संचालक जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि भारत के निर्माण में युवा शक्ति का अहम योगदान है। भारतीय संस्कृति में नशा प्रवृति को विनाश का आधार माना है। इतिहास गवाह है कि राजपूतएजाटएमराठा एवं सिख इत्यादि बड़े.बड़े राजतंत्र नशा प्रवृति के आधार पर समाप्त हो गए। आधुनिक ऐश्वर्यशाली जीवन शैली से युवा शक्ति में बढ़ती आलस्य, प्रमाद, अकर्मण्यता, भोग विलास एवं नशा प्रवृत्ति समाज और राष्ट्र के लिए एक भयंकर संकट उत्पन्न कर दिया है । नशा प्रवृति से शायद ही कोई घर बचा होगा। मदिरा पान बीडी सिगरेट हुक्का पान जर्दा, भुक्कि, स्मैक, हीरोइन, सुल्फा, गांजा, भांग, गुटका, अफीम, मॉर्फिन, कोडिन एवं बांम इत्यादि नशीली दावों का प्रयोग दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

### नशा निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

जींद। नई सोच नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने बताया कि इसका उद्देश्य नशे के दुरुपयोग के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना, नशे की रोकथाम और इलाज के बारे में जानकारी देना, नशे की गिरफ्त में आए लोगों को मदद और पुनर्वास देना तथा युवाओं और समाज को नशे से बचाने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस केवल एक तारीख नही है बल्कि एक वैश्विक आंदोलन है। यह हमें याद दिलाता है कि नशे की समस्या से मिलकर जागरूकता, सहयोग और सही कदमों से लड़ा जा सकता है। सही जानकारी, समय पर मदद और समाज का सहयोग यही नशामुक्त भविष्य की कुंजी है। नरेश जागलान ने बताया कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग की समस्या वैश्विक स्तर पर भयानक रूप से फैल चुकी है।

### एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

नरवाना। जनसाधारण की समस्याओं का समाधान अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारियों का विशेष फोकस रहे कि अपने.अपने विभाग से संबंधित सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का पात्र व्यक्ति को लाभ मिलना लाजमी बने। यह निर्देश एसडीएम जगदीश चंद्र ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारियों को दिए। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम ने कहा कि राज्य सरकार अंतोदय कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में समाज के गरीब तबकों एवं आमजन के जीवन स्तर में सुधार के लिए लगातार कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रमों की सार्थकता अधिकारियों की निष्ठापूर्ण जवाबदेही एवं पारदर्शी कार्यशैली पर निर्भर करती है। लिहाजा सभी अधिकारी सरकारी सुविधाओं एवं सेवाओं को पात्र व्यक्ति तक संजीदगी एवं ईमानदारी से पहुंचाने का प्रयास करें। एसडीएम ने बताया की फैमिली आईडी में मिल रही खामियों का निदान संबंधित पोर्टल पर दर्ज करने के बाद मुख्यालय द्वारा किया जा सकता है।


नरवाना। जनसमस्याएं सुनते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि


जींद। कार्यशाला में मौजूद शिक्षिकाएं। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षक को अपना ज्ञान निरंतर बढ़ाना चाहिए

जींद। डीएवी स्कूल की प्राचार्या डा. रश्मि विद्यार्थी ने कहा कि शिक्षक समाज की वह धुरी है, जिस पर सभी सामाजिक सांस्कृतिक परंपराएं चलती हैए इसलिए शिक्षक को अपने ज्ञान को निरंतर बढ़ावा देते रहना चाहिए। वर्तमान युग तकनीक का युग है जो शिक्षक अपने ज्ञान को वर्तमान पद्धति के अनुसार नहीं अपनाते वह अपने बच्चों के साथ न्याय नहीं कर सकते। डीएवी स्कूल की प्राचार्या डा. रश्मि विद्यार्थी 525 से अधिक शिक्षकों की कार्यशाला को संबोधित कर रही थी। इस तीन दिन दिवसीय कार्यशाला से शिक्षकों को सीखने के लिए नए आयाम मिलेंगे। प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने कार्यशाला के विषय में बताया कि यह त्रिदिवसीय कार्यशाला 26 जून से 28 जून 2025 तक लगेगी। इस प्रकार की कार्यशालाएं निरंतर विद्यालय में लगाई जाती हैं। जिसमें शिक्षकों को बच्चों का ज्ञानवर्धन करने के नए.नए तरीके बताए जाते हैं। इस कार्यशाला में डीएवी के करीब 20 विद्यालयों के लगभग 525 अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला के विषय में विद्यार्थी ने बताया कि शिक्षक प्रशिक्षण, शिक्षण कौशल को बेहतर बनाने, प्रभावी कक्षा प्रबंधन और छात्रों की समझ का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक है।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

नरवाना। हौसला संगठन नरवाना द्वारा बीएलओ ड्यूटी बारे एसडीएम नरवाना को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक हसला प्रधान राजेन्द्र सिंह ने कहा कि पीजीटी अध्यापकों की बीएलओ ड्यूटी लगाया जाना शिक्षा विरोधी निर्णय है क्योंकि उनके द्वारा पहले ही विद्यालय व शिक्षण संबंधी कार्यए बोर्ड कक्षा संबंधी जिम्मेवारीए बोर्ड परीक्षाए मूल्यांकन संबंधी कार्य व समय.समय पर चुनाव संबंधी कार्य होते हैं। चुनाव आयोग द्वारा जारी पत्र के अनुसार 13 विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी तथा कर्मचारी के उपलब्ध न होने पर ग्रुप बी की सेवाएं भी ली जा सकती हैं। कहा कि पीएम श्री व मॉडल संस्कृति स्कूलों में भी साइंसए गणितए अंग्रेजी विषयों के प्राध्यापकों की ड्यूटी लगाया जाना निर्णय शिक्षा विरोधी है। कर्मजीत नैन, रणधीर, राजेश, नीलम, दारा सिंह, मनोज, गुरविन्द्र कौर आदि उपस्थित रहे।


नरवाना। एसडीएम को ज्ञापन सौंपने आए अध्यापक। फोटो :हरिभूमि


भाजपा एससी मोर्चा की मीटिंग में पहुंचे भारतभूषण टांक का स्वागत करते हुए।

### भाजपा एससी मोर्चा की बैठक

उचाना। लितानी रोड स्थित रविदास मंदिर में भाजपा एससी मोर्चा की मीटिंग हुई। अध्यक्षता मुकेश दहिया ने की। संकल्प से सिद्धि तक 11 वर्ष पर संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर एससी मोर्चा के प्रदेश महासचिव भारत भूषण टांक पहुंचे। जिलाध्यक्ष राजेश नायक भी इस दौरान मौजूद रहे। टांक ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के लिए भाजपा द्वारा शुरू की गई योजनाओं के बारे में बताने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को भाजपा के साथ जोडना है। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में 11 वर्ष में अन्तोदय की भावना से देश को परम वैभव की और ले जाने के साथ जो सभी को साथ लेकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना देखा है उसे पूरा किया जा रहा है।


जींद। शाहूजी महाराज को नमन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### शाहूजी महाराज को नमन किया

जींद। बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर एवं प्रदेश प्रभारी रामसिंह प्रजापति ने वीरवार को छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर बसपा कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के क्षेत्र में जो अमूल्य योगदान दिया। वह देश और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने कहा कि शाहूजी महाराज ने समाज के उत्थान के लिए संघर्ष करते हमेशा पिछड़े, शोषित, वंचित और दलित समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया। आज हमें उनके बताए रास्ते पर चल कर समतामूलक समाज की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे छत्रपति शाहूजी महाराज के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाएं। प्रदेश सचिव सुरत सिंह, मास्टर जिले सिंह कश्यप, जिला अध्यक्ष राकेश सिवानामाल, नरेश गौतम, सत्यवान मांडी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशा समाज के लिए दीपक समान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। नशे के खिलाफ शपथ लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या महाविद्यालय के ड्रग अवेयरनेस सेल के द्वारा वीरवार को नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत शपथ एवं ई-शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर एवं संचालन ड्रग अवेयरनेस सेल की इंचार्ज नीलम और सदस्या डा. पिंकी मोर ने किया। इस शपथ में 70 छात्राओं एवं कर्मचारियों ने शिरकत की। इसके साथ-साथ इस पखवाड़े के दौरान ई-शपथ का भी आयोजन किया गया। इस ई-शपथ में लगभग 100 कर्मचारियों एवं छात्राओं ने शपथ लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त किए। इंचार्ज नीलम ने शपथ दिलवाई कि हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में सहयोग करेंगे। हम प्रत्येक व्यक्ति विशेषतः युवाओं को प्रोत्साहित करते नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करेंगे ताकि भारत का युवा वर्ग नशामुक्त जीवनयापन कर सकें और समाज के रचनात्मक एवं महत्वपूर्ण सदस्य बन सकें। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए ऐसा दीमक है जो समय से पहले ही जीवन को समाप्त कर रहा है। गणित विभाग की प्राध्यापिका अंजू, सुमन, कंप्यूटर साइंस विभाग से सुनीता, निश्चल, रीतु के साथ-साथ पूजा, सुशीला, सरिता व गीता मौजूद रहे।


जींद। नशे के खिलाफ रैली निकालते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### नशा मुक्त समाज निर्माण की दिलाई शपथ

जींद। राजकीय महाविद्यालय की नशा मुक्त अभियान समिति द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत वीरवार को हस्ताक्षर अभियान और नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मालिक ने की। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक रहने और समाज को भी इस दिशा में प्रेरित करने का आह्वान किया। सभी प्रतिभागियों को नशा से दूर रहने और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के नेतृत्व में नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग युक्त, नशामुक्त हरियाणा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

### राज्य में चल रही गुंडागर्दी पर तुरंत प्रभाव से अंकुश लगाए सरकार

# जींद में कानून व्यवस्था को लेकर खाप पंचायतें मुखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में कानून व्यवस्था को लेकर खाप पंचायतों ने गहरी चिंता व्यक्त की है और सरकार के उस दावे को खोखला बताया है जिसमें मुख्यमंत्री बोलते नायब सैनी बोलते हैं कि अपराधी हरियाणा खाली कर दें। निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत में खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों ने हरियाणा सरकार को फेल बताया है। माजरा खाप पंचायत जींद के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, कंडेला खाप पंचायत के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, कालवा बारह खाप पंचायत प्रधान दिलबाग कुंडू ने कहा कि शासन व प्रशासन गहरी नींद में सो रहा है। आए दिन कोई न कोई हत्या हो रही है। राज्य में कोई दिन बिना अपराध के खाली नही जा रहा है। अपराधियों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं। माजरा खाप प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर, खेड़ा खाप पंचायत प्रधान सतवीर सिंह शर्मा, पूनिया खाप प्रवक्ता जितेंद्र छात्तर ने सरकार व जींद प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने की बात कही है। अगर ऐसा नही हुआ तो शीघ्र ही खाप पंचायतें एक बड़ी महापंचायत बुला कर आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। फूलकुमार पेटवाड़, सुरेश प्रधान नौगामा खाप पंचायत, बसाऊराम लाठर प्रधान जुलाना बराहा खाप पंचायत ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि राज्य में चल रही गुंडागर्दी पर तुरंत प्रभाव से अंकुश लगाते हुए अपने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करें कि वो कानून व्यवस्था को दुरुस्त करें और जिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था कमजोर पाई जाती है, उस अधिकारी की जिम्मेदारी निश्चित की जाए।


जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुरविंद्र सिंह संधू। फोटो :हरिभूमि


आचार्य बृजकिशोर ठाकुर महाराज को सम्मानित करते राजकुमार गोयल।

### भक्तिमय माहौल में झूमे श्रद्धालु

जींद। गांधी नगर स्थित अपना पार्क में श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। श्री राधारानी धाम से पधारे पंडित बृज किशोर ठाकुर महाराज के सान्निध्य में चल रही यह कथा क्षेत्रवासियों के लिए एक आध्यात्मिक पर्व बन गई है। विभिन्न क्षेत्रों में जा जा कर कथाओं के माध्यम से धर्म का प्रचार कर रहे पूज्य पंडित बृजकिशोर ठाकुर महाराज को समाजसेवी मूर्ति देवी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गोयल इत्यादि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजय गर्ग, राजेश सिंगला, पुष्पा देवी, सुनीता, अंजू इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कथा में प्रवचन करते हुए भागवत आचार्य बृज किशोर ठाकुर महाराज ने कहा कि जीवन में धर्म, भक्ति और सत्संग का विशेष महत्व है। श्रीमद भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नही बल्कि यह मनुष्य जीवन को परम उद्देश्य तक पहुंचाने वाला मार्गदर्शक है।

## खबर संक्षेप


कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान से स्ट्रीट लाइट योजना को लेकर चर्चा करते पार्षद संजय सिंगला

### अब कलायत शहर की गलियां भी रोशन होंगी

**कैथल।** मुख्य मार्गों की तरह अब कलायत शहर की गलियां भी रोशन होंगी। नगर पालिका द्वारा करीब 500 नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की योजना को अंतिम रूप देने की कार्यवाही जारी है। इस कार्य को टेंडर प्रक्रिया के जरिये पूर्ण किया जाएगा। यह जानकारी नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान ने दी। सचिव व पालिका अभियंता द्वारा तय रूप रेख अनुसार इस योजना पर कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना अनुसार शहर की मुख्य व उप-गली में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जानी है। इससे सौदर्यकरण के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। यह योजना खासतौर पर उन इलाकों पर केंद्रित होगी जहां पहले रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। योजना को लेकर नगर पालिका जन प्रतिनिधियों और आम जन से बेहतर तालमेल रहेगा। पालिका अधिकारियों के अनुसार यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

### हड़ताल की सफलता को लेकर बैठक में मंथन

**कैथल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन रजिस्टर नंबर 41 जिला कार्यकारणी की विस्तारित मीटिंग यूनियन कार्यालय जवाहर पार्क कैथल में जिला प्रधान दलबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई और संचालन जिला सचिव राजकुमार चहल ने किया।जिसमें मुख्य रूप से 9 जुलाई 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाए जाने की तैयारी बारे फैसला लिया गया।

### 6 दिवसीय डिजिकोर बूट कैंप का आयोजन

**पूंडरी।** ध्रुव पब्लिक स्कूल पूंडरी में विद्यार्थियों के लिए छह दिवसीय डिजिकोर बूट कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग तथा कंप्यूटर हार्डवेयर जैसे आधुनिक एवं उपयोगी विषयों की जानकारी प्रदान की गई। केतन सहगल ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया के माध्यम से व्यवसाय वृद्धि तथा अन्य डिजिटल उपकरणों के प्रयोग की बारीकियाँ सिखाईं। वहीं कंप्यूटर हार्डवेयर के क्षेत्र में भीम सिंह राठौड़ ने छात्रों को कंप्यूटर की संरचना, भागों की पहचान, असेंबलिंग एवं मरम्मत संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

### प्राथमिक पाठशाला से हजारों का सामान चोरी

**कैथल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला डेरा दिल्लू राम कांगथली से चोर हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। पाठशाला के प्राथमिक अध्यापक कर्मवीर सिंह ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। उसने बताया कि वे 10 जून को स्कूल बंद करके अवकाश पर चले गए थे। जैसे ही वह 25 जून को स्कूल गया तो उसने जाकर देखा कि अज्ञात चोर स्कूल से पंखा, वाटर कूलर व बिजली की तार चुरा कर ले गए। जांच अधिकारी साई रजत ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# कलायत नगर पालिका में सामने आया बेशकीमती जमीनों से जुड़ी निजी संपत्तियों को खुर्दबुर्द करने का हाईप्रोफाइल मामला

## एंटी क्रप्शन ब्यूरो व अन्य जांच एजेंसियों से कराई जा रही जांच की मांग

### एन.डी.सी प्रमाण पत्र जारी करने के बाद डिलीट की जा रही आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

लाल डोरा के अंदर रहने वाले परिवारों को मालिकाना हक देने की योजना का कार्य पूर्ण होने से पहले कलायत नगर पालिका में पुस्तैनी व खरीदी गई जमीनी संपत्तियों को खुर्दबुर्द करने का हाईप्रोफाइल मामला सामने आया है। हरियाणा प्रदेश में यह अपनी तरह का शायद ऐसा पहला मामला है जिसमें जमीन के मालिकों की पहले नगर पालिका अधिकारियों ने तमाम औपचारिकताओं को पूरा करते हुए प्रोपर्टी आईडी बनाई, विकास शुल्क जमा करवाया और अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए। इसलिए यह मामला एंटी क्रप्शन ब्यूरो व राज्य की महत्वपूर्ण एजेंसियों को जांच के लिए आमंत्रित कर रहा है। क्योंकि इनमें कई मामले ऐसे हैं जिसमें


No Dues Certificate

कलायत नगरपालिका के इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के बाद भी पोर्टल से आईडी डिलीट।

बेशकीमती जमीन को गुपचुप ढंग से नगर पालिका के पोर्टल से गायब किया गया है। यह चौंकाने वाला मामला सीएम विंडों के माध्यम से सरकार के संज्ञान में पहुंचा है। इस संबंध में कलायत निवासी वीरेंद्र सिंह ने सीएम विंडो, शहरी स्थानीय निकाय निदेशक, जिला नगर आयुक्त व अन्य स्तरों पर शिकायत करते हुए अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि नगरपालिका द्वारा उनकी सजूमा रोड पर करीब एक हजार गज जमीन की प्रोपर्टी आईडी से सुनियोजित ढंग से अधिकारियों ने छेड़छाड करते हुए प्रोपर्टी आईडी रद्द कर दी। इस जमीन की प्रोपर्टी आईडी को उन्होंने वर्ष 2022 में पालिका के माध्यम से बनवाया था। यह उनकी पुस्तैनी जमीन है। भूमि वाका रकबा मौजा कलायत अन्दर हदूद नगरपालिका खेवट नं0 224, 225, 226 जमाबन्दी साल 2020-2021 खुद मेरी व मेरे परिवार की जायदाद है। इसमें रवींद्र के नाम 171, रघुविंद्र की 327, विधवा प्रकाशो की 31 व धीरेंद्र 403 वर्ग गज जमीन शामिल हैं। सारी प्रोपर्टी अथोराईज थी। यह कि विभाग के नियमानुसार भूमि तसदीक करवाई गई थी। इसके लिए हल्का पटवारी व तहसीलदार द्वारा कार्यवाही को पूर्ण किया गया। भूमि का नक्शा भी सलंग्न है। पालिका के तमाम शुल्क जमा करवाकर नो ड्यूज प्रमाण पत्र लिया हुआ है। इसके बावजूद जमीन की आईडी को डिलीट कर दिया गया। इसका खुलासा जैसे ही हुआ तो पालिका अधिकारियों को अवगत करवाया गया। लेकिन उन्होंने समस्या का हल नहीं किया।

*यह चौंकाने वाला मामला सीएम विंडों के माध्यम से सरकार के संज्ञान में पहुंचा है। इस संबंध में कलायत निवासी वीरेंद्र सिंह ने सीएम विंडो, शहरी स्थानीय निकाय निदेशक, जिला नगर आयुक्त व अन्य स्तरों पर शिकायत करते हुए अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि नगरपालिका द्वारा उनकी सजूमा रोड पर करीब एक हजार गज जमीन की प्रोपर्टी आईडी से सुनियोजित ढंग से अधिकारियों ने छेड़छाड करते हुए प्रोपर्टी आईडी रद्द कर दी।*

#### छानबीन जारी : सचिव

*नगर पालिका सचिव पवन कुमार ने बताया कि सीएम विंडों पोर्टल पर दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर पत्राचार करते हुए दस्तावेजों की छानबीन जारी है। नियम अनुसार शिकायत का निवारण होगा। उपरांत कार्यवाही रिपोर्ट पटल पर अपलोड की जाएगी।*

#### सीएम विंडो पर की शिकायत

*इस पर सीएम विंडो के माध्यम से मुख्यमंत्री से न्याय की फरियाद की है। कलायत नपा क्षेत्र में प्रोपर्टी आईडी को बनाने व डिलीट करने का पहला मामला नहीं है। पहले भी पालिका के पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि सलिंद्र प्रताप राणा व अन्य कई लोग उनके द्वारा खरीदी गई जमीनों की आईडी को डिलीट करने की शिकायत करते आ रहे हैं। इनका कहना है कि उनकी बजाए दूसरों को जमीन का मालिक बनाया जा रहा है। कुछ मामले तो ऐसे हैं जिनमें खेवट व मौका स्थिति मेल नहीं खा रही। इसमें करोड़ों रुपए की संपत्ति शामिल है।*

### कस्बा में लाइब्रेरी बनाने की मांग

**राजौंद।** नगर में लाइब्रेरी बनाने की मांग लोग पिछले कई वर्षों से करते आ रहे है। परंतु प्रशासन इस ओर ध्यान नही दे रहा। जिसे लेकर ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। इस बारे नागरिक बलविंद्र, काका, कुलदीप, रमेश, शेखर, रामचंद्र, प्रताप सिंह ने बताया कि नगर में लाइब्रेरी खोलने की मांग कर रहे है। इन लोगों ने बताया कि अगर यहां पुस्तकालय खोल दिया जाएं तो जहां नगर के युवकों में काफी रुचि बढ़ेगी ओर वहीं सामान्य ज्ञान के बल पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## नार्मल डिलीवरी करवाना ही प्राथमिकता : डा. अमन

- गर्भवती महिलाएं गर्मियों में रखे विशेष ख्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गर्मी के मौसम में गर्भवती महिलाओं को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की विशेष जरूरत होती है। गर्भावस्था में शरीर पहले से ही कई बदलावों से गुजर रहा होता है। ऐसे में तेज गर्मी ज्यादा प्रभावित कर सकती है। गर्मियों में प्रेग्नेंट महिलाओं को न सिर्फ अपने खानपान का ध्यान रखना चाहिए,


डा. अमन चहल

- फिजिकल व मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना बेहद आवश्यक

बल्कि फिजिकल और मेंटल हेल्थ का भी ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। अमन अस्पताल कैथल की संचालिका डा. अमन चहल ने बताया कि उनकी प्राथमिकता नार्मल डिलीवरी करने की होती है भले ही इसके लिए समय ज्यादा ही लगे। अस्पताल मे प्रतिमाह 40 से 50 नार्मल डिलीवरी हो रही हैं। महिलाओं को चाहिए कि वे डिलीवरी को लेकर संयम बरतें तथा जल्दबाजी न करें। गर्मी के मौसम में थकान और मानसिक तनाव भी बढ़ सकता है, जो प्रेग्नेंसी के दौरान बहुत नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए स्ट्रेस कम करने की कोशिश करें। इससे बचने के लिए गहरी सांस लें। मेडिटेशन करें और अच्छी नींद लें। गर्मी के मौसम में शरीर का तापमान सामान्य से ज्यादा बढ़ जाता है, जो प्रीमैच्योर लेबर, हीटस्ट्रोक और अन्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसलिए घर में एसी या पंखे का इस्तेमाल करें।

#### पर्याप्त पानी पीना जरूरी

गर्मी के मौसम में शरीर से अधिक पसीना निकलता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है। प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए हाइड्रेटेड रहना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि यह न सिर्फ उनके शरीर को एनर्जी देता है, बल्कि गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए भी फायदेमंद होता है।

### 350 साल पुराना वटवृक्ष बना आस्था का प्रतीक

**पूंडरी।** फतेहपुर में माता मनसा देवी मंदिर में स्थित एक प्राचीन वटवृक्ष (बरगद का पेड़) न केवल पर्यावरण संरक्षण का जीता-जागता उदाहरण है, बल्कि श्रद्धा और आस्था का केंद्र भी बन चुका है। इस पेड़ की उम्र करीब 350 से 380 वर्ष आंकी गई है, और इसकी चौड़ाई लगभग 460 सेमी है। यह पेड़ वर्षों से स्थानीय लोगों की मनोकामनाओं की पूर्ति का केंद्र बना हुआ है। माना जाता है कि इस वटवृक्ष की छांव में मांगी गई मुरादें पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि श्रद्धालु इस पेड़ की परिक्रमा कर मनोकामना पूर्ति हेतु धागा बांधते हैं। विशेष रूप से मंगलवार और शनिवार को यहां बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु पहुंचते हैं और धूप-दीप लगाकर प्रार्थना करते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस वटवृक्ष को वन विभाग द्वारा विशेष मान्यता दी गई है। इसके संरक्षण और देखभाल के लिए हर वर्ष 2000 रुपये की 'पेंशन' वन विभाग की ओर से प्रदान की जाती है। यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है कि किस प्रकार एक वृक्ष को भी सम्मान और सुरक्षा दी जा रही है। माता मनसा देवी तीर्थ सभा के प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि यह पेड़ उनके बचपन से भी पहले का है। कई पीढ़ियाँ इसकी छांव में पली-बढ़ीं और आज भी यह गांव की संस्कृति, आस्था और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक बना हुआ है। आज जब पेड़ काटे जा रहे हैं और प्रकृति संकट में है, ऐसे में फतेहपुर का यह वटवृक्ष एक प्रेरणास्रोत है। यह पेड़ हमें न केवल पर्यावरण से जोड़ता है, बल्कि हमारी आध्यात्मिक विरासत को भी जीवित रखे हुए है।

## छात्रों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के निर्देशानुसार बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मुकेश चहल (नशा मुक्ति एवं तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ) और डॉ. दीप चंद (रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ) ने छात्रों को नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश


ढांड। युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाते अधिकारी

दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे—किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे,समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे,और नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान देंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह आयोजन छात्रों में सामाजिक चेतना जागृत करने और नशे जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध जागरुकता फैलाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास है।

### 10 साल पुराने खातों का करें रि-केवाईसीः डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। हरियाणा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी बैंक आगामी एक जुलाई से शुरू होने वाले संतृप्ति अभियान के तहत गांव में कैंप लगाना सुनिश्चित करें। कैंप को लेकर दो दिन पहले संबंधित ग्राम सचिव व सरपंच से मिलकर जगह निर्धारित करें।

गांव में मुनियादी करवाएं और कैंप के दौरान पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध करवाएं। कैंप के दौरान जन-धन योजना के तहत खुले खातों का रि-केवाईसी करना सुनिश्चित करें। यह रि-केवाईसी संबंधित बैंक की किसी भी ब्रांच में करवाया जा सकता है।

## मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

- मुख्य पुजारी बोले : गुप्त नवरात्रे तप, साधना और मनोकामना पूर्ति का श्रेष्ठ अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गुरुवार को गुप्त नवरात्रों के पावन आरंभ पर फतेहपुर स्थित मां मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के मुख्य पुजारी संजीव शर्मा ने बताया कि गुप्त नवरात्रे विशेष साधना और आराधना का काल होता है। मां दुर्गा की गुप्त रूप से आराधना करने से अदृश्य शक्तियां जागृत होती हैं और मनोकामनाएं


मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करते मुख्य पुजारी संजीव व अन्य श्रद्धालु।

शीघ्र पूर्ण होती हैं। यह काल साधकों के लिए सिद्धि प्राप्ति का उत्तम अवसर होता है। गुप्त नवरात्रे साधना-मार्गी भक्तों को अदृश्य रूप से शक्ति प्रदान करते हैं। माँ दुर्गा के 9 स्वरूपों की तप-आराधना से कुल-कलेश, शत्रु-दोष और मानसिक विघ्न शांत होते हैं। जो साधक संकल्पपूर्वक इन 9 रातों में साधना करते हैं, उन्हें आरोग्य, समृद्धि व आत्मबल का वरदान मिलता है। मंदिर परिसर में विशेष साफ-सफाई और फूलों की सजावट की गई थी। इस अवसर पर सुमित शर्मा, विनोद शर्मा, कपिल शर्मा व अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### 30 को आइटीआइ में आयोजित होगा रोजगार मेला : एडीसी

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में रोजगार कार्यालय व अन्य संबंधित विभागों की बैठक ली और आगामी 30 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित होने वाले रोजगार मेले के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध करवाएं। यह मेला उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जो प्री-प्लेसमेंट या आईटीआई प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके हैं और अच्छे रोजगार की तलाश में है। रोजगार मेले में एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाईफ इंश्योरेंस, पुखराज हेल्थेयर, इंडियन एक्रिलिक, अरिहंत स्पिनिंग मिल, एलआईसी जीवन बीमा, स्टाइल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सैंडेन विकास इंडिया लिमिटेड, ओत्सुका फार्मास्युटिकल, लोट्टे इंडिया प्लांट, इंटरफेस माईक्रो सिस्टम्स, धूत ट्रांसमिशन प्राईवेट लिमिटेड आदि प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और युवाओं का चयन करेंगी। योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट व आईटीआई के इच्छुक प्रार्थी नौकरियों के पंजीकरण के लिए जॉब फेयर में आईटीआई के विभिन्न ट्रेड, सेल्स ऑफिसर आदि पदों के लिए भाग ले सकते हैं।

## बच्चों को रुचिकर ढंग से पढ़ाएं शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

निपुण हरियाणा मिशन के तहत चल रहे प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह खंड संसाधन सयोजक कार्यालय के सभागार में किया गया जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने की। कश्यप ने बताया कि खंड गुहला में दिनांक 20 जून से 25 जून तक तीन बैच चलाए गए। हर एक बैच में प्रतिभागियों की संख्या 40 रखी गई। इस दौरान 118 अध्यापकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। सभी अध्यापकों को कक्षा- कक्ष में निपुण हरियाणा मिशन के तहत सीखी गई रणनीतियों को लागू करने के निर्देश दिए ताकि सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके


प्रशिक्षण शिविर के उपरांत अध्यापक बीइओ बलबीर कश्यप के साथ

लिए टीएलएम का अधिक से अधिक प्रयोग करना व गतिविधि के माध्यम से रुचिकर ढंग से बच्चों को पढ़ाया जाए। सभी कक्षा कक्ष प्रिंट रिच होने चाहिए। यह हर एक अध्यापक का कर्तव्य है कि वह विभाग द्वारा प्रदान की की संपर्क किट भी ज्यादा प्रयोग करें। इस अवसर पर प्रशिक्षण मेनेजमेंट कमेटी, सुनील कुमार, कुलदीप सिंह, अमित शर्मा, प्रदीप, उपेंद्र शुक्ला, रेखा रानी, राजीव, हंस कौर, करमचंद, निधि गुप्ता, अश्वनी धीमान, सविता, मनदीप कौर, प्रमोद रानी, बेअंत कौर, सीमा देवी आदि उपस्थित रहे।



### नैतिक बनवाला ने बाक्सिंग की जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

**पाई।** गांव करोड़ा की बेटी नैतिक बनवाला ने बाक्सिंग की जुनियर नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। जिससे सारे गांव में खुशी की लहर है। नैतिक बनवाला ने बताया कि वह गांव के है राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या स्कूल में कक्षा 11 में पढ़ती है। उसके पिता एक ड्राईवर है और परिवार में माता पिता के अलावा उसके एक भाई व एक बहन है। उसने बताया कि यह प्रतियोगिता 18 जून से 25 जून तक हुई थी। उसने 52 किलो वर्ग में भाग लिया। नैतिक ने बताया कि वह इस प्रतियोगिता में आर्मी की तरफ़ से खेली और पहली फाइट पश्चिम बंगाल के साथ 5:0 से जीत प्राप्त की। उसके बाद क्वार्टरफाइनल में मणिपुर की बॉक्सर को 5:0 से और सेमीफाइनल बाउट में पंजाब की बॉक्सर को 5:0 से हराया। फाइनल में हरियाणा की बॉक्सर को 5:0 से हराकर जीत गोल्ड मेडल पराप्त किया । उसने बताया कि उसके कोच अमरजीत है, जिन्होंने अपनी पूरी लग्न, मेहनत से उसको इस काबिल बनाया।

### ग्रामीणों को पढाया नशा न करने का पाठ

**राजौंद।** महाराणा प्रताप चौक पर स्थित शिव मंदिर धर्मशाला में राजौंद थाना प्रभारी राजकुमार की अध्यक्षता में नशा मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में युवाओं के साथ-साथ गणमान्य व्यक्तियों व समाज सेवकों ने हिस्सा लिया। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि एसपी के दिशा-निर्देश में सामूहिक कार्यक्रम करके आमजन तथा विशेष तौर पर युवा वर्ग को संदेश दिया गया कि जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ते है। नशे से हमें शारीरिक आर्थिक व सामाजिक क्षति होती है। नशा करके वाहन चलाने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में लोगों की अमूल्य जान चली जाती है, जिनमें से अधिकांश युवा होते है। उन्होंने कहा कि दुष्प्रभावों के बारे में नागरिकों विशेषकर युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। सभ्य समाज में नशे के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा नागरिकों, विशेषकर युवाओं को मादक पदार्थों के खतरे से बचाने के लिए इसी प्रकार अभियान जारी रहेगा। इस दौरान भारी संख्या में नगर के युवाओं के साथ-साथ गणमान्य व्यक्ति गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | नशा मुक्त अभियान तहत 6 महीनों में 76 नशा तस्करों को किया गया काबू

## अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर 5000 लोगों ने नशा न करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

12 जून से 26 जून तक मनाए जा रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के समापन के अवसर पर कैथल पुलिस द्वारा जिला भर में 28 प्रोग्राम आयोजित करके करीब 5000 लोगों को शामिल करके समाज से नशे जैसी बुराई को मिटाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान करते हुए अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस मनाया गया। इस दौरान करीब 5000 लोगों ने नशा ना करने बारे शपथ भी ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा लगाता आमजन के संपर्क स्थापित



ग्रामीणों को नशा न करने बारे जागरूक करती पुलिस टीम

करके युवाओं, महिलाओं, बच्चो व आमजन को नशे जैसी बुराई से अवगत करवाया जा रहा है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस प्रतिवर्ष 26 जून को मनाया जाता है ताकि नागरिकों को नशे के खिलाफ जागरूक किया।

#### नशे पर लगाम कसने को कड़े कदम उठाए

पिछले काफी समय से जिला पुलिस द्वारा नशे पर लगाम कसने के लिए कड़े कदम उठाए गये है। जिला पुलिस द्वारा द्वारा वर्ष 2025 दौरान 6 महीनों में 51 मामलो में 76 नशा तस्करों को काबू करके 6 किलो 274 ग्राम अफीम, 3 किलो 935 ग्राम अफीम फसल, 59 किलो चुरापोस्त, 1 किलो 404 ग्राम डोडापोस्त, 30 किलो 592 ग्राम गांजा, 1 किलो 893 ग्राम चरस, 102.385 ग्राम हैरोइन, 2350 नशीली गोलियां सहित भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद करके नशे का धंधा करने वालों को सलाखों पीछे पहुंचाया गया है।

### आइटीआई के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**कैथल।** नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस पर वीरवार को आईटीआई के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली को सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया कि युवा राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए नशा मुक्त अभियान में सर्वाधिक संख्या में जुड़ें। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए प्रतिज्ञा करें कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त कराएंगे क्योंकि बदलाव की शुरूआत अपने आप से होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### घर से कालेज में पढ़ने गई युवती फरार, केस

**कैथल।** घर से कॉलेज में पढ़ने आई युवती के फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। कलायत थाना के गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी कलायत के एक कॉलेज में पढ़ने के लिए 24 जून को आई थी लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटी। उसने आरोप लगाया कि सावन नामक योग उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसला कर भगा ले गया। सब इंस्पेक्टर वीना ने बताया कि मामला दर्ज कर शुरू कर दी है।

### विवाहिता अपने 6 वर्षीय बेटे के साथ लापता

**कैथल।** गांव खरक पांडवा से विवाहिता अपने 6 वर्षीय बेटे के साथ लापता हो गई। खड़क पांडवा के एक व्यक्ति ने बताया कि 5 जून को उसकी 28 वर्षीय पत्नी उसके 6 साल के बेटे के साथ वृंदावन जाने की बात कह कर घर से गई थी। इसके बाद वह आज तक वापस नहीं लौटी। उसने उनके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### व्यक्ति पर चाकू से हमला कर किया घायल, केस

**कैथल।** गांव बालू में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। बालू के मनदीप ने बताया कि 24 जून को पवन ने उसे पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। उसने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया।

### खेतों में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर चोरी, केस

**कैथल।** चीका पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ दीपक शर्मा ने बताया कि 23 जून को चोर गांव सिंह के किसान जीवन सिंह, रणधीर सिंह तथा राजकुमार के खेतों में लगे ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चोर गांव चंदाना के किसान चंदन और राजकुमार के खेतों में लगे ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए।

### भगवान जगन्नाथ की 18वीं रथ यात्रा 28 को

**कैथल।** इस्कॉन प्रचार समिति कुरुक्षेत्र व कैथल की ओर से शनिवार को शहर में भगवान जगन्नाथ की 18वीं रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। इस रथ यात्रा को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी समिति के प्रधान दीपक अग्रवाल ने पूर्व विधायक लीला राम की कोठी के समीप स्थित इस्कॉन के कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी है।

---

### ऑल इंडिया कैटेगिरी में टॉप पर आरकेएसडी कॉलेज में 102.4% रही मेरिट

# दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी जिले के 25 कॉलेजों में 9500 सीटें

**सुबह से दोपहर तक इंतजार करते रहे विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने तीन बजे जारी हुई सूची 100% से अधिक रही**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कालेज में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का वीरवार को इंतजाम खत्म हो गया। उच्चतर शिक्षा विभाग ने वीरवार दोपहर बाद कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षा में दाखिले के लिए पहली मेरिट सूची जारी की। मेरिट सूची जारी होने से पहले सुबह के समय दिनभर विद्यार्थी इंतजार करते रहे, लेकिन यह दोपहर करीब तीन बजे जारी हुई।

जिले में इस बार ऑल इंडिया कैटेगिरी में सबसे अधिक आईजी महिला कॉलेज में कॉमर्स में मेरिट 107.8 प्रतिशत रही।

वहीं, आरकेएसडी कॉलेज में बीएससी फिजिकल एजुकेशन में 102.4 प्रतिशत मेरिट रही। वहीं, इसी कॉलेज की लगभग सभी संकायों में मेरिट सूची 100 प्रतिशत से ऊपर रही। जिले के 15 सरकारी व निजी कॉलेजों में करीब 9500 सीटें हैं। आरकेएसडी कॉलेज प्राचार्य डॉ. सत्यबीर मैहला ने बताया कि कॉलेज में स्नातक के चार संकायों के कुल 17 कोर्स की 2445 सीटों पर दाखिला किया जाएगा। इसके लिए कुल 3576 आवेदन प्राप्त हुए थे। लगभग सभी संकायों में मेरिट सूची 100 प्रतिशत से ऊपर गई है। विभिन्न संकायों में फीस जमा कराने के लिए कॉलेज में पर्याप्त प्रबंधन किया गया है।

#### ये रही मेरिट सूची

| कक्षा | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| ऑल इंडिया ईडब्लूएस | 81.8 | 81.8 |
| हरियाणा जनरल | 90 | 82 |
| हरियाणा जनरल ईडब्लूएस | 79.6 | 76.8 |
| ओएससी | 80.2 | 69.4 |
| डीएससी | 80.2 | -66 |
| बीसी ए | 77.8 | 61.2 |
| बीसी बी | 78.4 | 69.8 |
| **बीएससी लाइफ साइंस स्वपोषित 80 सीटें** | | |
| ऑल इंडिया | 94.8 | 75.8 |
| हरियाणा जनरल | 75.8 | 56.2 |

| | | |
|---|---|---|
| **बीए कुल सीटें 560** | | |
| ऑल इंडिया | 100.8 | 91.8 |
| ऑल इंडिया ईडब्लूएस | 82 | 75.6 |
| हरियाणा जनरल | 91.6 | 83.6 |
| स्टेट जनरल ईडब्लूएस | 73.6 | 61.4 |
| ओएससी | 83.6 | 73 |
| डीएससी | 83.4 | 66.8 |
| बीसी ए | 83.4 | 55.8 |
| बीसी बी | 83 | 58 |
| **बीए स्वपोषित कुल सीटे 150** | | |
| ऑल इंडिया | 94.2 | 80 |
| हरियाणा जनरल | 80 | 51.2 |
| **बीएससी फिजिकल साइंस सेल्फ फाइनेंस कुल सीटें 120** | | |
| ऑल इंडिया | 96.2 | 84.6 |
| हरियाणा जनरल | 84.6 | 58.6 |
| **बीएससी लाइफ साइंस कुल सीटें 80** | | |
| ऑल इंडिया | 101.6 | 90 |
| **बीएससी फिजिकल एजुकेशन (वित्त पोषित) कुल सीटें 55** | | |
| ऑल इंडिया | 102.4 | 94 |
| ऑल इंडिया ईडब्लूएस | 76 | 76 |
| हरियाणा जनरल | 93.2 | 84.6 |
| स्टेट जनरल ईडब्लूएस | | 74.8 |
| **बीकॉम कुल सीटें 160** | | |
| ऑल इंडिया | 107.4 | 98.4 |
| ऑल इंडिया ईडब्लूएस | 89. 6 | 80.8 |
| हरियाणा जनरल | 98.2 | 91.4 |
| स्टेट जनरल ईडब्लूएस | 79.6 | 63.8 |
| ओएससी | 85.6 | 63.2 |
| डीएससी | 89 | 66.4 |
| बीसी ए | 90.8 | 75 |
| बीसीबी | 89.4 | 77.4 |
| **बीकॉम सेल्फ फाइनेंस कुल सीटें 80** | | |
| ऑल इंडिया | 100 | 86 |
| हरियाणा जनरल | 85.8 | 71.8 |
| 70.6 | | |
| ओएससी | 84.4 | 66 |
| डीएससी | 82.6 | 78.6 |
| बीसी ए | 83.7 | 73.2 |
| बीसी बी | 81.8 | 66.4 |
| **बीसीए (वित्त पोषित) कुल सीटें 140** | | |
| ऑल इंडिया | 102.4 | 88.6 |
| ऑल इंडिया ईडब्लूएस | 77.4 | 76 |
| हरियाणा जनरल | 88.6 | 79.2 |
| स्टेट जनरल ईडब्लूएस | | 75 |
| 70.4 | | |
| ओएससी | 79 | 73.6 |
| बीसी ए | 71.2 | 67.2 |
| बीसी बी | 70.8 | 58.8 |
| **बीएससी फिजिकल साईंस कुल सीटें 140** | | |
| ऑल इंडिया | 101 | 85.4 |
| ऑल इंडिया ईडब्लूएस | 70.6 | 69.6 |
| हरियाणा जनरल | 85.4 | 72 |
| स्टेट जनरल ईडब्लूएस | 68.4 | 68.4 |
| ओएससी | 72 | 62.4 |
| डीएससी | ---- | ---- |
| बीसी ए | 71.8 | 63 |
| बीसी बी | 69.8 | 64 |
| डीएससी | 76 | 55.2 |
| बीसी ए | 77.8 | -67.2 |
| बीसी बी | 76.8 | 64.8 |
| **बीबीए ( वित्त पोषित) कुल सीटें 70** | | |
| ऑल इंडिया | 102.4 | 94 |
| ऑल इंडिया ईडब्लूएस | 84.6 | 84.6 |
| हरियाणा जनरल | 93.4 | -84.8 |
| स्टेट जनरल ईडब्लूएस | 82.8 | 73.2 |
| ओएससी | 84.8 | -64 |
| डीएससी | 76.2 | -69.4 |
| बीसी ए | 83.4 | 72.2 |
| बीसी बी | 84.6 | -66.8 |

---

# सारिका ने एशिया कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल की गौरव सारिका नैन पुत्री कुलदीपए गांव हमीरगढ़ ने एक बार फिर अपने विद्यालय और देश का नाम रोशन किया है। एशिया अंडर.17 कुश्ती चैंपियनशिप में महिला वर्ग 53 किलोग्राम भार श्रेणी में सारिका ने कांस्य पदक जीतकर भारत का परचम लहराया है। राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद एशियाई मंच पर भी सारिका ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यह उपलब्धि न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे हमीरगढ़ गांव और शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के लिए गर्व की बात है। एशियाई स्तर पर यह कांस्य पदक जीतना सारिका के कुश्ती करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उसने कड़ी मेहनत और अभ्यास के बल पर यह सफलता हासिल की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने सारिका के एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर अत्यधिक हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सारिका का यह कांस्य पदक हमारे विद्यालय की खेल नीति और उसकी अदम्य इच्छाशक्ति का परिणाम है। उसने एशियाई मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है।

यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। विद्यालय के सचिव श्री सुनील कुमार व संपूर्ण स्टाफ ने सारिका को उसकी इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वह भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं हासिल करेगी। सारिका अब अपने अगले लक्ष्यों पर फोकस कर रही है और निरंतर अभ्यास में जुटी हुई है। उसका यह कांस्य पदक भारतीय कुश्ती के उज्जवल भविष्य का संकेत है।



कांस्य पदक विजेता सारिका नैन।

#### डायरेक्टर ने दी बधाई

विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने गर्व से कहा कि सारिका के एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने से यह सिद्ध होता है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों में असीम प्रतिभा है। उसने दिखा दिया है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन उसके भविष्य की सफलता के लिए निरंतर सहयोग करता रहेगा। विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण कुमार ने सारिका की इस शानदार उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सारिका का एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतना हमारे संस्थान के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उसने साबित किया कि शिक्षा भारती के छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि खेल के क्षेत्र में भी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। यह पदक पूरे हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इससे प्रेरित होकर स्कूल के अन्य छात्र.छात्राएं भी खेल के क्षेत्र में आगे बढने को प्रोत्साहित हो रहे हैं। यह उपलब्धि दिखाती है कि भारत की युवा शक्ति अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाने के लिए तैयार है।

---

### बैंक कर्मी ने शादी का झांसा देकर किया 23 वर्षीय युवती से दुष्कर्म, केस

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में शहर थाना में युवती की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैथल शहर थाने में दी गई शिकायत में एक कॉलोनी निवासी युवती ने बताया कि करीब तीन साल पहले उसकी पहचान योगेश उर्फ चीकू से हुई थी। वे दोनों एक निजी बैंक में इक साथ नौकरी करते थे। दोनों ने एक-दूसरे को मोबाइल नंबर दे दिए। इसके बाद एक-दूसरे से बातचीत होने लगी। एक फरवरी को आरोपी उसे आरकेएसडी कॉलेज के नजदीक एक होटल में ले गया। वहां पर उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। योगेश ने झांसा दिया कि वह जल्द ही उससे शादी कर लेगा, लेकिन बाद में शादी करने से मना कर गया। युवती ने यह भी बताया कि आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि इसके बारे में किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा। अब वह उसके फोन तक नहीं उठा रहा है। शहर थाना एसएचओ गीता ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने पीड़ित युवती की शिकायत के बाद युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# ढिडोली में काटा पवित्र बरगद का पेड़, शिकायत

### समाधान शिविर बना जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त मंच : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर के तहत गुरुवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता एडीसी विवेक आर्य ने की। शिविर में आमजन द्वारा 12 शिकायतें प्रस्तुत की गई। जिनमें मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र में आय संबंधी त्रुटियों को सुधारने, राशन कार्ड में संशोधन, पुलिस एवं बिजली विभाग से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। एडीसी ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र पारदर्शी और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीसी ने बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों को विभागों के चक्कर काटने से बचाते हुए एक ही स्थान पर सभी समस्याओं का समाधान प्रदान करना है। कोई भी नागरिक अपनी समस्या के लिए भटकने को मजबूर न हो। शिविर में विभिन्न गांवों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। गांव करसोला की प्रमिला और गांव शामलो कलां की मोनिका ने फैमिली आईडी में आय कम करवाने की मांग की। गांव जैजैवंती के ग्रामीणों ने पेयजल संकट और सफाई व्यवस्था पर शिकायत दर्ज करवाई। गांव आसन के संदीप ने गंभीर बीमारी के चलते आर्थिक सहायता की मांग की। जबकि गांव रामराय के राममेहर ने वृद्धावस्था पेंशन शुरू करवाने की गुहार लगाई। न्यू इम्पलॉयज कॉलोनी के निवासियों ने बंदरों के आतंक और उससे हो रहे नुकसान को लेकर प्रशासन को शिकायत दी। इन सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एडीसी विवेक आर्य ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे संवेदनशीलता के साथ शीघ्र समाधान करें और आवश्यकतानुसार स्थायी उपाय सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में गांव ढिडोली निवासी सुखदेव व गुलजार ने एडीसी के सम्मुख पुराने पवित्र बरगद के पेड़ को काटने बारे अपनी शिकायत रखी। एडीसी ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए डीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे इस पर सख्त कार्यवाही अमल में लाए। डीडीपीओ संदीप भारद्वाज ने कहा कि जिस भी व्यक्ति ने पवित्र पेड़ बरगद को काटा है, उसकी जांच करके आवश्यक कार्रवाई की जाए।



समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए एडीसी विवेक आर्य।

---

# नरवाना का पॉश रिहायशी इलाका हुड्डा मार्केट बना डंपिंग यार्ड सफाई और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को तरस रही जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा सरकार और नरवाना नगर परिषद की बेरुखी और नाकारापन का परिणाम नरवाना शहर की जनता भुगत रही है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य श्री कैलाश सिंगला जी ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। नरवाना का सबसे रिहायशी इलाका हुड्डा मार्केट डंपिंग यार्ड बन कर रह गया है। शहर में जगह.जगह गंदगी कूड़ा.कर्कट के बड़े ढ़ेर लगे हैं। सीवरेज व्यवस्था बचरमरा गई है। आज नरवाना की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। गंदगी के ढ़ेरों से उठ रही दुर्गंध से आमजन का शहर में आवागमन दुर्गम हो गया है। गंदे पानी की निकासी बिल्कुल बंद पड़ी है। हालात यह है कि थोड़ी सी बारिश में अधिकतर शहर जल मग्न हो जाता है। अधिकतर आवासीय इलाकों और दुकानों में पानी भर जाता है। नप के पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला ने कहा कि गर्मी में बिजली की कमी भी शहर वासियों की परेशानी का सबब बनी हुई है। महंगाई के दौर में एक तरफ भाजपा सरकार ने बिजली दरों में भारी बढ़ोत्तरी करके जनता की आजीविका पर कड़ा प्रहार किया हुआ है।



**जींद।** रोष जताते हुए कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि

---

# सीवरेज मैनहोल बने लोगों की परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यज ▶▶| उचाना

उचाना की फायर बिग्रेड के पास मस्जिद वाली गली में सीवरेज के मैनहोल के ढक्कन गली के लेबल से नीचा होने के चलते आने-जाने वालों के साथ.साथ राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज का ढक्कनों को सही करने की मांग कई बार वार्ड के लोग कर चुके है। गली में आने-जाने के लिए सबसे मेन रास्ता ये है। यहां सबसे अधिक आवागमन रहता है। महाबीर, शीलू, पाला, रामभतेरी ने कहा कि वार्ड में आने वाली मेन गली होने के साथ-साथ इस गली से कई वार्डों को रास्ता जाता है। गली में सीवरेज के मैनहोल का ढक्कन का लेबल गली से नीचा होने के चलते राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। वाहन चालक को चोटिले होने का डर रहता है। सीवरेज के जो मेनहॉल गली के लेबल से नीचे है या ऊपर है उनको ठीक किया जाए ताकि आवागमन में किसी तरह की परेशानी राहगीर, वाहन चालकों को न हो। यहां पर बारिश के मौसम में पानी भरने से गड्डा नजर नहीं आने से हादसा होकर कई वाहन चालक चोटिले हो चुके है। जनस्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता नैन ने कहा कि शहर के वार्डों में जो सीवरेज के मेनहॉल गली से ऊपर या नीचे है उनको बदला जा रहा है।



गली में सीवरेज के मैनहोल के ढक्कन को दिखाते राहगीर।

---

# बिजली के बढ़े हुए दामों ने तोड़ी जनता की कमर: रामपाल माजरा

### एक जुलाई को चंडीगढ़ में शक्ति भवन पर प्रदेशभर से गरजेंगे इनेलो कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्वमंत्री रामपाल माजरा ने कहा कि हरियाणा में जिस प्रकार से दिन-प्रतिदिन बिजली के रेटों में बढ़ोत्तरी की जा रही है, उससे आम जनमानस की कमर टूट चुकी है। हरियाणा प्रदेश में बिजली गुल है और बिल फुल है। अभी हाल ही में जिस प्रकार से बिजली के रेटों में बढ़ोत्तरी की गई है, वह असहनीय है। कई गुणा बढ़ कर बिजली के बिल आ गए हैं। इसी को लेकर इनेलो एक जुलाई को चंडीगढ़ में शक्ति भवन पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करने जा रही है। जिसमें सरकार के सामने मांग रखी जाएगी कि बिजली के बिलों में की गई बढ़ोत्तरी को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष एरामपाल माजरा गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज महंगाई के इस दौर मे लोगों की रसोई का बजट पहले ही बिगड़ा हुआ है। उस पर बिजली के बढ़े हुए रेटों ने और बिगाडऩे का काम किया है। एक जुलाई को हरियाणाभर से इनेलो पार्टी के कार्यकर्ता चंडीगढ़ में एकत्रित होंगे। एचएयू के छात्र आंदोलन पर बोलते हुए माजरा ने कहा कि सरकार पहले आंदोलन के लिए लोगों को उकसाती है और फिर उसे मुंह की खानी पड़ती है। छात्रों की जिस तरह से पिटाई करने का काम किया गया, वह बहुत ही निंदनीय था। इसीलिए इनेलो पार्टी छात्रों के साथ खड़ी हुई और उनकी जायज मांगों में उनका समर्थन किया। जिसके चलते सरकार को झुकना पड़ा और विद्यार्थियों की सभी मांगों को मानने के लिए विवष होना पड़ा है। आज प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नही है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जिसने इमरजेंसी के समय में संविधान को ही कैद करने का काम किया था। आज एसी कमरों में बैठ कर आराम फरमा रही है।



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामपाल माजरा।

---

### कांग्रेस ने अपने स्वार्थों के लिए हमेशा संविधान को रौंदा: मिड्ढा

# मोदी के नेतृत्व में देश में चला संविधान का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाबी धर्मशाला में बीजेपी ने बुधवार शाम आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर काला दिवस के रूप में मनाया। विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा . कृष्ण मिड्ढा ने कार्यक्रम में शामिल हुए। सोनीपत के भाजपा से ललित बत्तरा विशेष वक्ता के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, कैप्टन योगेश बैरागी, अविनाश चावला, राधेश्याम चिल्लाना, नंदलाल मिगलानी, संजय धवन व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि कांग्रेस द्वारा देश में लोकतंत्र की हत्या करने का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस के द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इस दिन को कभी भी भुलाया नही जा सकता है। कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। मीडिया कार्यालयों की बिजली काट कर उन पर पाबंदी लगा दी थी। संविधान में बदलाव किए। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं ने संघर्ष किया, जिनको वो नमन करते हैं। गौरतलब है कि 25 जून 1975 को रात्री के 12 बजे ही तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी। इस दिन को 50 वर्ष पूरे होने पश्चात इसी संदर्भ में भाजपा 25 जून को आपातकाल काला दिवस के रूप में मना रही है। डा. मिड्ढा ने कहा कि राहुल गांधी शायद भूल गए हैं कि उनके पूर्वजों ने हमेशा संविधान का गला घोंटने का काम किया है। उन्हें देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है कि उन्होंने अपने स्वार्थ के लिए हमेशा संविधान के साथ छेड़छाड़ की है। कांग्रेस के कुछ नेता जो संविधान की काली करतूत को छुपाने के लिए आज संविधान की कॉपियां लेकर घूम रहे हैं। 2047 तक क्रांतिकारी वीरों के सपनों का भारत बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है। आजाद भारत के बाद जिस गति से देश आगे बढऩा चाहिए था, उस गति से नहीं बढ़ा। कांग्रेस के 55 साल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 साल के कार्यकाल में विकसित भारत के अंतर को साफ देखा जा सकता है, लेकिन कांग्रेस को यह अंतर नजर नहीं आ रहा है। वे केवल संविधान की किताब उठाकर घूम रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ये देश बदला है और गति से आगे बढ़ रहा है।



#### मोदी का संकल्प, 100वीं वर्षगांठ पर विकसित भारत

सोनीपत से बीजेपी के वरिष्ठ नेता ललित बत्तरा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि जब आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तो भारत विकसित राष्ट्र बने और इस संकल्प की सिद्धि में देश के हर व्यक्ति के योगदान की आवश्यकता है। 25 जून 1975 लोकतंत्र का काला दिवस कभी न भूलने वाला दिन था। आम जनता को बिना कसूर के जेलों में ठोक दिया गया था। जो कांग्रेस पार्टी आज संविधान की बात करती है, उनको ज्ञात होना चाहिए कि सर्वप्रथम अगर इस देश में किसी ने संविधान को खंडित करने का काम किया तो वह कांग्रेस पार्टी थी। देश में इमरजेंसी जैसे कानून पास करना यह किसी और ने नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी ने किया था। भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने और सरकार बनाने तक सीमित नही बल्कि एक जीवनशैलीए एक बहुमूल्य प्रणाली है। इस अवसर पर मुख्यअतिथि द्वारा आपातकालीन के दौरान याचना सहने व जेल जाने वाले मौके पर उपस्थित संतलाल चुघ, ओमप्रकाश शर्मा, पुरूषोत्तम बागड़ी को शॉल देकर सम्मानित किया।